## स्मार्ट मीटर का विरोध, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**चौमहला (इन्दौर समाचार )।** गगंधार कस्बे में स्मार्ट मीटर का विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश चंदेलिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे कस्बेवासियो ने बताया कि सामान्य मीटर में सामान्य रूप से बिल आते थे वही स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई गुना वृद्धि हो गई। कई लोगों के घरों में महीने का बिल 10 हजार से 15 हजार रुपए तक पहुंच गया। जबकि खपत से कई गुना बिलों में बढ़ोतरी हुई है बड़े हुए बिल ने गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर दिया गया है। कस्बे वासियों ने 15 दिनों में समस्या का समाधान की मांग की है और अल्टीमेटम देते हुए कहा की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## समग्र के कार्यों के लिए विशेष शिविर लगाए, प्रतिदिन करें समीक्षा

**मंदसौर (इन्दौर समाचार )** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को सुशासन भवन स्थित सभागृह में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल ने निर्देश दिए कि समग्र आईडी से संबंधित कार्यों के लिए विशेष शिविर लगातार आयोजित किए जाएं तथा उनकी प्रतिदिन समीक्षा की जाए। शिविरों में नवीन समग्र निर्माण एवं ई-केवाईसी के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में मरम्मत कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। साथ ही छात्रावास, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के मरम्मत कार्य भी वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण किए जाएं। बैठक में बताया गया कि जिले में 12 जून से 18 जून 2026 तक जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के बिना कोई भी विभाग निर्माण कार्य प्रारंभ न करे। पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा पानी की चोरी से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा संबल योजना के पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता राशि से संबंधित लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## चार्ज रजिस्टर एवं ग्राम-नगर रजिस्टर संधारण कार्य जारी

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)।** जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा जानकारी बताई गई कि आगामी जनगणना की तैयारियों के अंतर्गत जिले में चार्ज रजिस्टर एवं ग्राम-नगर रजिस्टर के संधारण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के ग्राम, नगर, वार्ड एवं प्रगणक ब्लॉकों से संबंधित जानकारी का संकलन एवं सत्यापन किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय अभिलेखों को अद्यतन करने के साथ-साथ आवश्यक संशोधन भी किए जा रहे हैं। जनगणना प्रशिक्षण नोडल श्री सत्येंद्र राठौर ने बताया कि यह कार्य जनगणना अभिलेखों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना का कार्य व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपादित किया जा सके।

## बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**मंदसौर( इन्दौर समाचार) ।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, आफ्टर केयर योजना एवं पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही मिशन शक्ति अंतर्गत महिला हेल्पलाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के प्रभावी क्रियान्वयन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल ने बाल देखरेख संस्था 'अपना घर' के बच्चों के नियमित अध्ययन, दत्तक ग्रहण हेतु विधिमुक्त बच्चों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा संस्था में निवासरत बच्चों के आवश्यक दस्तावेज समय-सीमा में तैयार कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला योजना अधिकारी, प्रभारी अधीक्षिका बाल देखरेख संस्था 'अपना घर' बालिका गृह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकसेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत समय-सीमा में सेवा प्रदाय नहीं करने पर तहसीलदारों को किया गया जुर्माने से दण्डित

**मंदसौर (इन्दौर समाचार) ।** लोक सेवा प्रबंधक श्री वैभव बैरागी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर जिला मन्दसौर द्वारा जिले में लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण के आवेदनों का शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर श्री मोहित सीनम तहसीलदार सीतामऊ, श्री विनोद कुमार शर्मा नायब तहसीलदार भानपुरा एवं श्री भीमसिंह खराड़ी नायब तहसीलदार शामगढ के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर राशि 5-5 हजार का जुर्माना अरोपित कर दण्डित किया। साथ ही श्री पंकज गंगवाल नायब तहसीलदार सीतामऊ व श्री पंकज जाट नायब तहसीलदार मल्हारगढ़ को भविष्य हेतु चेतावनी पत्र प्रेषित कर समस्त तहसीलदारों को लोकसेवा गारंटी के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

# ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में सजा श्री खाटू श्याम दरबार, संकीर्तन में झूमे भक्त

## गायक संजय सेन और रवि शर्मा के भजनों पर थिरके श्याम प्रेमी, बही भक्ति की बयार

**खरगोन ।** शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में रविवार रात अधिकमास के उपलक्ष्य में एक भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्ति की ऐसी बयार बही की देररात तक श्याम प्रेमी भक्ति की बयार में श्याम रंग से सराबोर रहे।



संकीर्तन के दौरान श्री खाटू श्याम का मनमोहक और भव्य दरबार सजाया गया, जिसे देखकर उपस्थित भक्त भाव विभोर हो गए। भव्य दरबार में श्री श्याम के साथ प्रथम पूज्य देव गणेश जी एवं हनुमानजी की मनमोहक प्रतिमाएं आस्था का केंद्र रही। ड्ड रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे इस दरबार ने भक्तों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बांके बिहारी मंदिर के संस्थापक श्याम बड़ोले ने अपनी पत्नी संगीता बड़ोले के साथ दिव्य ज्योति प्रज्वलित कर महाआरती की। इसके बाद भजन संध्या का विधिवत शुभारंभ हुआ। गणेश वंदना के साथ ही भजनों की अमृत वर्षा आरंभ हुई। ठुसूरजगढ़ के संजय सेन की प्रस्तुतियों ने सांवरियो सेट्यो है, जो लेनो है जो मग लो।। छायें काली घटाएं तो क्या जैसे भजनों से श्रोताओं को प्रभू भक्ति में ऐसा लीन किया कि महिला-पुरुषों के साथ बच्चे, युवा जयकारे लगाकर झूम उठे। इंदौर के भजन गायक रवि शर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आणु है.., दरबार सांवरिया ऐसो सजो प्यारो.., प्रीत की चादरिया ओढ़ के सांवरिया गांऊ में सांवरे, बिन तुम्हारे जी न पाऊं मैं.. जैसे सुमधुर भजनों से भक्तों को श्री श्याम रंग से सराबोर कर दिया। आयोजन के दौरान श्री बांके बिहारी, श्री खाटू श्याम सहित सांवरिया सेठ के जयकारों से आयोजन स्थल गुंजायमान होता रहा। भजनों की मनमोहक धुनों पर पूरा माहौल भक्ति और श्रद्धा से ओत.प्रोत हो गया। श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भजनों पर नाचते.गाते रहे और प्रभु स्मरण में लीन रहे। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने संकीर्तन का आनंद लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति के श्री बड़ोले ने बताया कि यह आयोजन अधिकमास के पवित्र अवसर पर अध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने और धार्मिक उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। इसमें कॉलोनिवासियों सहित मंदिर समिति और श्री श्याम सेवक परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।





## जीवन में सुख पाना है तो मेरा मेरा करना बंद कर दीजिए - राष्ट्रीय संत श्री प्रीतम महाराज

**मंदसौर।** श्री पशुपतिनाथ मंदिर में चल रही भागवत कथा वाचक एवं राष्ट्रीय संत श्री प्रीतम जी महाराज ने आज कथा के चौथे दिवस कहा की ये सांस कब थम जाए आपको पता है कोई भरोसा नहीं जीवन में आनंद को पाना है तो मेरा मेरा कहना बंद कर दीजिए,जीवन में सुख पाना है तो सब श्री हरि का है ये कहना प्रारंभ कर दीजिये, कथा के चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्व मनाया गया जिसमें मातृ शक्तियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ,आज मंगलवार को कथा के पंचम दिवस सायं 6 बजे संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। गुरुजी का स्वागत सम्मान मंदिर समिति की ओर से किया गया जिसमें मंदिर प्रबंधक राहुल रुनवाल ने शाल और श्रीफल के साथ गुरुजी का सम्मान किया साथ ही मंदिर पुजारी श्री कैलाश भट्ट, श्री सुरेंद्र आचार्य ,श्री निरंजन व्यास श्री ओम प्रकाश शर्मा, श्री दिनेश बैरागी, श्री दिनेश परमार, आदि सम्मलित हुए,गुरुजी ने कथा आयोजन में सहयोग के लिए विश्वमोहन अग्रवाल व रवि शंकर अग्रवाल का सम्मान किया।

## बिस्टान परियोजना से सात गांव में नही मिल रहा पानी, फसलें प्रभावित

### एनवीडीए पहुंचे परेशान किसान, अधिकारी ने शिफ्टवार आपूर्ति का आश्वासन दिया



**खरगोन ।** जिले की बिस्टान माइक्रो सिंचाई परियोजना से पानी नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। सोलना पंप से जुड़े लगभग सात गांव में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों में चिंता है। अपनी समस्याओं को लेकर किसान सोमवार को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। यहां प्र. कार्यपालन यंत्री एनएस सोलंकी से किसानों ने मुलाकात की। किसानों ने बताया कि सोलना पंप से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। खेतों में पानी की कमी के कारण बुवाई और सिंचाई का कार्य ठीक से नहीं हो पा रहा है, जिससे उपज पर बुरा असर पडने का अंदेशा है। नाराज किसानों का कहना था कि परियोजना का उद्देश्य ही खेतों तक पानी पहुंचाना है, लेकिन जब उन्हें ही पानी नहीं मिल पा रहा तो ऐसी योजना का लाभ क्या। समय पर पानी नहीं मिला तो उनकी मेहनत और लागत दोनों व्यर्थ हो जाएंगी। कार्यपालन यंत्री श्री सोलंकी ने किसानों की समस्या गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शिफ्टवार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों या प्रबंधन संबंधी किसी समस्या के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हुई होगी, जिसे दुरुस्त किया जाएगा। किसानों ने अधिकारी के आश्वासन के बाद थोड़ी राहत महसूस की, लेकिन वे जल्द से जल्द पानी की नियमित आपूर्ति चाहते हैं।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं हो रही बाधित

### केली में स्टॉफ नही होने से नवजात की मौत का आरोप

**खरगोन ।** जिले में 2 जून से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत 980 संविदा स्वास्थ्य अधिकारी- कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। विभागीय दावों के विपरीत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल सहित सभी डिलीवरी पॉइंट पर कार्य ठप है। ऐसा इसलिए क्योंकि अधिकांश कार्य संविदा कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है। हड़ताल के बीच सेगांव के केली डिलीवरी पॉइंट पर स्टॉफ की अनुपस्थिति के चलते एक नवजात की मौत का मामला भी सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम छोटी भड़वाली निवासी रेखा के



शिशु की मृत्यु हो गई। रेखा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। शिशु की मृत्यु के कारण की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### ग्रामीणों में आक्रोश, सीएम हेल्पलाईन पर पहुंची शिकायतें

स्टॉफ की अनुपस्थिति के बीच हुई नवजात की मौत के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक शिकायतें सीएम हेल्पलाईन पर करने की जानकारी भी मिली है। केली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल सात में से छह संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे पूरा डिलीवरी पॉइंट अकेली एएनएम सुमन डावर के भरोसे चल रहा है।

### 10 से अधिक सेवाएं प्रभावित

हड़तालरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ममता हिरवे ने बताया इस हड़ताल से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती माताओं का पंजीकरण व देखभाल, नियमित टीकाकरण सामान्य ओपीडी जांचें, टीबी मरीजों की जांच व दवा वितरण, औषधि वितरण तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह ठप हैं। मेडिकल वार्ड, टीबी विभाग, एसएनसीयू, एएनसी वार्ड, लेबर रूम जैसी इकाइयां भी प्रभावित हैं। जिले के नौ पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की देखभाल व उपचार सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। संविदा स्वास्थ्य संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती हिरवे ने बताया कि उनकी मांग है कि सरकार जल्द से जल्द घोषित नीतियों के तहत उनकी लंबित मांगों का निराकरण करें, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न होना पड़े और ऐसी दुखद स्थितियां दोबारा न हों।

## चरित्र शंका में पति पर कुल्हाड़ी से वारकर की पत्नि की हत्या का आरोप



**खरगोन ।** जिले के ग्राम गलतार में रविवार- सोमवार की दरमियानी रात एक महिला की कुल्हाड़ी से जानलेवा वार कर हत्या का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप महिला के पति बिशन बड़ोले पर लगा है। इस हृदय विदारक घटना के बाद ग्राम में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा। पीएम रुम पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि बिशन का मृतिका सईदी बाई से दिन में विवाद हुआ था। इसके बाद रात करीब एक बजे बिशन ने कुल्हाड़ी से जानलेवा वार किया। सिर, गले और सीने पर गहरे घाव होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई सुदामा मोरे ने बताया कि सूचना के बाद बिस्टान पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके का बारीकी से मौका मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपित पति बिशन फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## मिलावट मुक्त खाद्य पदार्थों एवं सुरक्षित खान-पान को बढ़ावा देने का आह्वान

**इंदौर,** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर इंदौर में खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश तथा यारी क्वालिटेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों एवं खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खान-पान की आदतों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा थे। उनका स्वागत एआईएमपी के अध्यक्ष श्री योगेश मेहता, सचिव श्री तरुण व्यास तथा यारी क्वालिटेक की ओर से सुश्री यशी श्रीवास्तव ने किया। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री कुशवाहा ने स्वस्थ एवं संतुलित भोजन के महत्व पर बल देते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहायक निदेशक गौरव गोयल ने उद्यम पंजीयन, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सब्सिडी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्रमुख खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों एवं प्रावधानों पर जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध शेफ श्री भूपी ने उपभोक्ताओं को पैकेज्ड खाद्य पदार्थ खरीदते समय आवश्यक जानकारियों की जांच करने की सलाह दी।

# कांग्रेस का सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान : युवाओं को जोड़ने पर जोर

**बुरहानपुर ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने सोशल मीडिया वॉरियर्स एक विशेष अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर पर चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों के सक्रिय नागरिकों को कांग्रेस संगठन से जोड़ना है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर अध्यक्ष रिंकू टांक ने कहा कि इस अभियान के तहत युवाओं को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के संगठन में शामिल होने का सीधा मार्ग मिलेगा। संविधान में आस्था रखने वाले नागरिक और सोशल मीडिया पर सक्रिय लोग राजनैतिक संघर्ष में सहयोग करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। विशेषज्ञ, तौर पर डिजाइनर, एडिटर,



कार्टूनिस्ट, यूट्यूबर, ब्लॉगर, मोटिवेशनल स्पीकर, सोशल एक्टर और मनोरंजन जगत से जुड़े कलाकार जैसे इन्फ्लुएंसर्स को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यह अभियान संगठन में रहकर कार्य करने के इच्छुक लोगों को समान अवसर देगा। मीडिया प्रभारी तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि हर विधानसभा स्तर पर टीम काम करेगी। नई पीढ़ी के युवाओं को जोड़ना, महिला वर्ग को सोशल मीडिया पर कार्य का अवसर देना और पत्रकार, न्यूज़ एंकर व रिपोर्टर्स को जनहित में कार्य का सीधा माध्यम देना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। सक्रिय मोबाइल नंबरों का डाटा संकलन कर आंतरिक नेटवर्किंग भी की जाएगी। अभियान का प्रदेश स्तर पर शुभारंभ 3 मई को मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता से किया गया। 30 मई से 8 जून तक जिला स्तर पर प्रेस वार्ता । आवेदन प्रक्रिया 3 मई से 5 जून 2026 तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से चलेगी। आवेदनों की स्क्रूटनी 5 जून से 9 जून तक होगी। जिला कांग्रेस कार्यालयों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी द्वारा आवेदकों के इंटरव्यू 20 जून से 23 जून तक लिए जाएंगे। अंतिम स्क्रूटनी 24 जून से 28 जून तक चलेगी, जिसके परिणाम 30 जून को जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर अमर यादव,फहीम हाशमी, हर्षित ठाकुर, तफज्जुल हुसैन मुलायम, सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।